विक्का (भाग 2 का 1) विक्का क्या है?

रेटिंग:

विवरण:

श्रेणी: लेख तुलनात्मक धर्म असामान्य विश्वास

द्वारा: Aisha Stacey (© 2012 IslamReligion.com)

पर प्रकाशित: 04 Nov 2021

अंतिम बार संशोधित: 04 Nov 2021

विक्का शब्द सैक्सन मूल के विक्के से आया है, जिसका अर्थ "बुद्धिमान" या "अनदेखी ताकतों को मोड़ना या आकार देना" है। विक्का आधुनिक मूर्तिपूजक धर्मों[1] में सबसे बड़ा है जो प्राचीन मूर्ति पूजा की आस्था प्रणालियों को पुनर्जीवित करता है, जिनमें सेल्टिक, मिस्र, ग्रीक, नॉर्स, रोमन और अन्य परंपराएं शामिल हैं। इसलिए पृथ्वी पर मौजूद धर्मों की तुलना में, विक्का की उत्पत्ति यहूदी धर्म, ईसाई धर्म, इस्लाम, बौद्ध धर्म और हिंदू धर्म से पहले हुई है। विक्का को दुनिया के सबसे पुराने धर्मों में से एक कहा जा सकता है; दूसरी ओर इसे विक्का के बाद से सबसे नए धर्म में से एक कहा जा सकता है, जैसा कि आज हम सब जानते हैं, हाल ही में बनाया गया, पृथ्वी-केंद्रित, आधुनिक मूर्तिपूजक धर्म है जिसे गार्डनरियन विचक्राफ्ट के दौर से जाना जा सकता है जिसे ब्रिटेन में 1940 के आखरी दशक में स्थापित किया गया था। एक अच्छा सामान्य नियम यह है कि ज़्यादातर विक्कन (विक्का धर्म के अनुयायी) आधुनिक मूर्तिपूजक हैं लेकिन सभी आधुनिक मूर्तिपूजक विक्कन (विक्का धर्म के अनुयायी) नहीं हैं।

कुछ विक्कन (विक्का धर्म के अनुयायी) एक ईश्वर को कभी-कभी "एकमात्र" या "सर्व-शक्तिमान" के रूप में संदर्भित करते हैं, जिसमें महिला और पुरुष के पहलू जुड़े हुए होते हैं जिन्हें 'देवी और देवता' के रूप में संदर्भित किया जाता है। अन्य लोग कई प्राचीन देवी-देवताओं के अस्तित्व को पहचानते हुए विक्का के रास्ते पर चलते हैं, जिनमें शामिल हैं, लेकिन निश्चित रूप से इन तक सीमित नहीं हैं: एफ्रोडाइट, आर्टेमिस, ब्रिगिट, डायना, डायोनिसियस, फेर्गस, हेकेटी, आइसिस, पैन, थॉर, आदि। विक्का धर्म के लोगों को नास्तिक (किसी देवता या देवताओं में कोई विश्वास नहीं) भी कहा जाता है। कुछ विक्कन (विक्का धर्म के अनुयायी) देवी और देवताओं को प्रतीकों के रूप में देखते हैं, जीवित

लोगों के रूप में नहीं। इस प्रकार कई विक्कन (विक्का धर्म के अनुयायी) को नास्तिक माना जा सकता है। क्योंकि विक्कन प्रकृति और प्रकृति के देवी और देवताओं की पूजा करते हैं, इसलिए उन्हें पंथवादी भी कहा जा सकता है।

प्रतिष्ठित कनाडाई वेबसाइट रिलिजियस टॉलरेंस के अनुसार कुछ विक्कन (विक्का धर्म के अनुयायी) विक्का और विचक्राफ्ट को पर्यायवाची मानते हैं, हालांकि कई अन्य लोग दोनों शब्दों के बीच फ़र्क भी करते हैं, जो कहते हैं कि विक्का एक धर्म है और विचक्राफ्ट का मतलब जादू-टोना करना है। इस परिभाषा के तहत, विचक्राफ्ट कोई धर्म नहीं है और इसी प्रकार ऐसे कई लोग भी हैं जो मानते हैं कि किसी भी धर्म का सदस्य विचक्राफ्ट के रास्ते पर चल सकता है।

बहुत से, शायद ज़्यादातर, विक्कन (विक्का धर्म के अनुयायी) धर्म की रीतियों का पालन अकेले ही करते हैं; वे अकेले अपने रीति-रिवाज़ निभाते हैं। अन्य कोवेन्स या ग्रोव्स नाम का समूह बनाते हैं जो विक्कन लोगों के अनौपचारिक समूह होते हैं। कोवेन समूह से ऊपर आमतौर पर कोई समन्वयक समूह नहीं होता है; न ही कोई राज्य या राष्ट्रीय संगठन होता है - इसलिए इससे संबंधित कोई भरोसेमंद आंकड़े मौजूद नहीं हैं। कुछ अपुष्ट अनुमानों में कहा गया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 7.5 लाख विक्कन (विक्का धर्म के अनुयायी) रहते हैं जो विक्का को संयुक्त राज्य अमेरिका में 5वां सबसे बड़ा संगठित धर्म बनाता है। हालांकि ये सारे अनुमान महज़ अनुमानों से अधिक और कुछ नहीं हैं, जिनमें ऐसी कोई ठोस सच्चाई नहीं है, जिसके आधार पर ठोस निष्कर्ष निकाला जा सके।

विक्का को कभी-कभी जादूटोना या मायावी के रूप में जाना जाता है क्योंकि यह तंत्र-विद्या और जादू-टोना से जुड़ा हुआ है। जादुई मंत्रों को दूसरों को नुकसान पहुंचाने या उनकी मदद करने के प्रयास के लिए डिज़ाइन किया जा सकता है, हालांकि विक्कन (विक्का धर्म के अनुयायी) अपनी मान्यताओं की सीमा में बंधे होते हैं कि वे तंत्र-विद्या या किसी ऐसी गतिविधि में शामिल नहीं होंगे जिससे किसी दूसरे को नुकसान पहुंचे। उनके व्यवहार के मुख्य नियम विक्कन रीड हैं: "आप तब तक जो चाहे करें जब तक कि यह किसी को नुकसान न पहुंचाए", जो आत्मरक्षा के कुछ मामलों को छोड़कर लोगों को नुकसान पहुंचाने से वर्जित करता है, और तीन गुना होने का कानून: "एक व्यक्ति दूसरे के लिए जो भी अच्छा करता है वह इस जीवन में तीन गुना अच्छी चीज़ें पाता है; और नुकसान भी तीन गुना पाता है।"

निमिसनि के अधिकार के अनुसार[2], "तंत्र-विद्या लोगों को मेंढक में बदलने या उनकी इच्छाएं पूरी करने के लिए नहीं हैं। मंत्र ऐसी क्रियाओं और प्रार्थनाओं का एक समूह है जिसका उपयोग आप अपने जीवन के किसी विशेष परिस्थिति के लिए दैवीय सहायता मांगने के लिए करते हैं और उसका जप करते हैं।" विक्कन का मानना है कि हम जो ऊर्जा पैदा करते हैं, वह हमारे साथ हुए चीज़ों को प्रभावित करता है, इस प्रकार बुरे जादू का असर तीन गुना वाले कानून के रूप में दिखाई देता है। अन्य महत्वपूर्ण नैतिक शिक्षाओं में दूसरों के साथ तालमेल में रहना और पर्यावरण का सम्मान करना शामिल है।

त्यौहार के लिए विक्का धर्म में आठ दिन होते हैं जो चंद्रमा और ऋतुओं के चरणों के हिसाब से चलते हैं और उन्हें सब्त कहा जाता है। माना जाता है कि सब्तों की उत्पत्ति शिकार, खेती और पशु प्रजनन से जुड़े चक्रों में हुई थी।

पंचकोण और पंचकोण तारा विक्कन और कई अन्य आधुनिक मूर्तिपूजक लोगों द्वारा उपयोग किये जाने वाले मुख्य प्रतीक हैं। कुछ रस्म संबंधी चीजें लगभग हर विक्कन परंपरा में आम हैं, जैसे कि आथेम (धार्मिक चाकू) और चैलाइस (धार्मिक कप)। दूसरों का उपयोग कुछ परंपराओं द्वारा किया जा सकता है, लेकिन दूसरों द्वारा नहीं: घंटियां, झाड़ू, मोमबत्तियां, कड़ाही, डोरियां, ड्रम, धूप, गहने, खास प्लेटें, दस्ते, मूर्तियां, तलवारें, पटरा और छड़ी। इन चीज़ों के मायने, इनके उपयोग और निर्माण परंपराओं और प्रत्येक व्यक्तियों के बीच भिन्न होगा। आमतौर पर, एक विक्कन रस्म में किसी प्रकार के पवित्र स्थान का निर्माण (एक चक्र बनाना), दैवीय शक्ति का आह्वान, नृत्य/गीत/भोजन या शराब साझा करना, और एक ख़ुशहाल विदाई और औपचारिक समापन शामिल होगा। रस्में विक्कन "सब्त" में आयोजित किए जा सकते हैं या जन्म, बढ़ती उम्र, शादी/हैंडफास्टिंग, गृहिणी, उपचार, मृत्यु, या रास्ते में आने वाले अन्य रस्म जैसे जीवन बदलावों को चिह्नित करने के लिए आयोजित किए जा सकते हैं।[3]

विक्कन शैतान की पूजा नहीं करते हैं। वे उसके अस्तित्व को भी स्वीकार नहीं करते हैं। हालांकि उनकी मान्यताओं में अक्सर देवी-देवताओं का एक देवगण होता है, इनमें से कोई भी देवता ईसाई धर्म में पाए जाने वाले शैतान की तरह सर्व-दुष्ट नहीं होता है। जैसा कि इस वेबसाइट पर शैतानवाद के बारे में लेखों में उल्लेख किया गया है, 15वीं और 16वीं शताब्दी में कैथोलिक चर्च ने यह सिद्धांत प्रदान किया कि शैतान की पूजा और काला-जादू की प्रक्रिया मौजूद रही है और वे सभी के लिए बड़ा खतरा रहे हैं। इसने विच बर्निंग (डायन या चुड़ैलों को जलाना) की प्रक्रिया को जन्म दिया जिसे बर्निंग टाइम या वैकल्पिक रूप से महिला आहुति कहा जाने लगा। 50,000 लोगों पर विधर्म का मुकदमा चलाया गया और दस हज़ार से भी अधिक लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया। बहुत से लोग अब मध्य युग से जादूगरनी के बारे में काल्पनिक कहानियों के साथ आज के विक्कन को जोड़ते हैं, कुछ रूढ़िवादी संप्रदाय अभी भी इस कल्पना को सच मानते हैं।

भाग 2 में हम विक्का की तुलना इस्लाम धर्म से करेंगे और सवाल पूछेंगे कि एक धर्म जो शैतान को नहीं मानता क्या वह वाकई शैतानी गतिविधियों के प्रभाव से मुक्त हो सकता है?

फुटनोट:

[1] नियोपेगन का मतलब है नया पेगन। पेगन - जो लैटिन शब्द पेगनस से लिया गया है जिसका अर्थ है आधुनिति मूर्तिपूजक।

[2] "विक्का क्या है," निमोसिनि के अधिकार, यहां देखें: (http://www.io.com/~be_think/wicca.htm)

[3] जेमी वुड और तारा सीफेल्ड द्वारा द विक्का कुक बुक से

इस लेख का वेब पता:

https://www.islamreligion.com/hi/articles/5172

कॉपीराइट © 2006-2020 सभी अधिकार सुरक्षित हैं। © 2006 - 2023 IslamReligion.com. सभी अधिकार सुरक्षित हैं।